# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## दिसम्बर 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# अंतरराज्यीय बाक्सिंग चैपिंयनशिप के खिलाड़ियों के आवश्यकताओ का तत्काल निराकरण करवाए

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जवाहर नगर स्पोटर्स काम्प्लेक्श में अंतरराज्यीय बाक्सिंग चैपिंयनशिप की स्पर्धा चल रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय भ्रमण के दौरान स्पोर्टस काम्प्लेक्श में पहुंचकर आयोजक मण्डल कोच एवं खिलाड़ियो से संपर्क किए। वहां पर हो रही प्रतियोगिता के प्रतिभागियो से मिलकर जानकारी प्राप्त किये। आयोजक मंडल के प्रतिनिधि बाक्सर सुरेश द्वारा बताया गया, कि अंतरराज्यीय प्रतियोगिता में पुरे छत्तीसगढ़ से बाक्सिंग के प्रतिभागी आये हुए है। अपने-अपने वेट के हिसाब से प्रतियोगिता में भाग लेगें। अपने राउण्ड से विजेता प्रतियोगी अंतिम राउण्ड में पहुचेगे। वहां पर फाईनल मैच होगा, अंत में उन्हे गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तर के विजेता खिलाड़ी नेशनल खेलने रायबरेली उत्तरप्रदेश जायेगे। स्पोर्टस काम्प्लेक्श में लगभग 150 से अधिक बाक्सिंग खिलाड़ी आए हुए है। जिसमें से महिला/पुरूष दोनो वर्ग के खिलाड़ी है। पुरूष वर्ग में 47 से 50, 50 से 55, 55 से 60, 60 से 65, 65 से 70, 70 से 75, 75 से 80, 80 से 85, 85 से 90 और 90 से अधिक हैवी वेट खेलेगे। इसी प्रकार महिला वर्ग में 45 से 48, 48 से 51, 51 से 54, 54 से 57, 57 से 60, 60 से 65, 65 से 70, 75 से 80, 80 से अधिक हैवी वेट में खेलेगी। वहां के आयोजक आर राजेन्द्रन, सचिव सीएम ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुरेश द्वारा आयुक्त से मांग किया गया कि पानी का मोटर खराब हो गया है। अतिरिक्त शौचालय की भी आवश्यकता है और रात में लाईट कम होने से खिलाड़ियो को तकलीफ हो रही है। यह सुनकर आयुक्त ने जोन आयुक्त येशा लहरे से बात कर खिलाड़ियो के लिए चलित शौचालय, पानी के लिए बोर में नया मोटर, हाइलोजन लाईट एवं सफाई का व्यवस्था का तत्काल निराकरण करवाया। इसके लिए आयोजक मंडल द्वारा खुशी व्यक्त की गई।



नगर पालिक निगम भिलाई

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे, विद्यार्थियों को क्लास में पढ़ाये भी आयुक्त।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रातः स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खम्हरिया का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होने स्कूल में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओ को बारीकी से देखा। कि विद्यार्थियो को किसी प्रकार की कोई असुविधा तो नहीं हो रही है। साथ ही स्कूल में बैठने के टेबल.कुर्सी, पीने का पानी, शौचालय, लाईट, पंखा आदि को अच्छे तरह से निरीक्षण किये, जिससे स्कूल में पढने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को किसी प्रकारी की परेशानी तो नहीं हो रही है। निगम आयुक्त स्कूल का पुरी तरफ से निरीक्षण करने पश्चात बच्चो के क्लास रूम में गये। वहां पर देखे की सभी विद्यार्थी अच्छी तरह से पढ़ाई कर रहे है। टीचर्स भी अच्छी तरह से पढा रही थी। आयुक्त पाण्डेय ने विद्यार्थियो की किताब को हाथ में लेकर कुछ सवाल किये, उनसे प्रश्न करने लगे और बच्चे बड़े ही जोश भरे आवाज से जवाब दे रहे थे। बच्चों से उनके क्लास के अनुसार सवाल कर रहे थे, जैसे राष्ट्रगान कितने सेकंड में पढ़ना चाहिए, राजिम कौन से जिले में स्थित है, छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री का क्या नाम है, बांग्लादेश कौन से दिशा में है, बच्चों से गणित एवं अंग्रेजी के प्रश्न भी पूछे क्लास में रीडिंग कराते हुए कविता पूछे। यह भी सवाल था कि कौन-कौन बच्चे घर से सुबह खाना खाकर नहीं आते हैं। कुछ बच्चों ने हाथ खड़ा किया उपस्थित शिक्षिका से उनके पैरेंट्स को समझने को कहा की बच्चों को सुबह नाश्ता कराके ही स्कूल भेजा करें । आयुक्त ने बच्चो से कहा किसी भी प्रकार का प्रश्न को अपने मन में रहने नहीं देना चाहिए। बेजिझक अपने क्लास टीचर्स से पूछना चाहिए, क्योकि प्रश्न करने से ही उसका जवाब मिलता है। दूसरे छात्र को भी पता चलता है। अंत में टीचर्स को भी समझाये बच्चो की पढ़ाई में पूरा सहयोग करें, किसी प्रकार की समस्या हो तो उसका शीध्र निराकरण किया जाए। अंत में बच्चों को क्लास में मनोरंजन के लिए शिक्षाप्रद खेल भी खिलवाए।





# 9500 रुपए सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं नाली में गोबर बहाने वाले खटाल संचालक पर की गई चालानी कार्यवाही।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक रखने एवं गंदगी फैलाने वाले व्यवसायियों पर चालानी कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 02 स्मृति नगर में जुनवानी चैंक में विभिन्न व्यवसासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर, फल ठेला में गंदगी पाए जाने एवं गीला एवं सूखा कचरा अलग नहीं पाए जाने वाले व्यापारी पृथ्वी जूस सेंटर 400, गोलू फल सेंटर 200, विश्वकर्ता फल सेंटर 100, ब्यूटी टी स्टाल 300, दूबे डेयरी 800, डिजत टू होटल 200, वंश डेली नीडस 500, अंबिका टे्डर्स 500, द भिलाई टाउन 500, सोनू फल ठेला 100 एवं शर्मा पूजा सामग्री 1500 से इस प्रकार कुल 5100 रूपये चलानी कार्यवाही करते हुए वसूल किये गये। साथ ही जोन क्रमांक 02 अंतर्गत वार्ड क्रं. 16 ठेठवार पारा में खटाल वालो के द्वारा नाली में गोबर बहाने पर चार लोगो से 4000 रूपये दाण्डिक शुल्क वसूला गया। यह कारवाई लगातार जारी रहेगी अभी यह सांकेतिक है चालानी कार्रवाई बढ़ते क्रम में होगी इसकी पूरी जिम्मेदारी जो लोग नगर निगम के समझाइए इसको नहीं मान रहे हैं उन्हीं के खिलाफ होगा. आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देश दिए है कि जो भी व्यापारी सिंगलयूज प्लास्टिक में खाद्य सामग्री विक्रय कर रहे है या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे है या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्ट बिन में नही डाल रहे है। उनके पास जाकर कार्यवाही कर उनसे चालानी कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्हे समझाया जाए कि सिंगलयूज प्लास्टिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है। शहर की साफ-सफाई में जो व्यापारी सहयोग नही कर रहे है। उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही कर उन्हे समझाईस दी जाए कि अगले बार से गंदगी न फैलाये नहीं तो निगम कचरा साफ नहीं करेगा उसी कचरे में आपको व्यापार करना पड़ेगा।





नगर पालिक निगम भिलाई

# उद्यानों को साफ-सुथरा बनाने के लिए चल रहा है, विशेष सफाई अभियान

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 150 से अधिक उद्यान है उन उद्यानों में साफ सफाई के लिए विशेष गैंग के द्वारा कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाया जा रहा है आज नेहरू नगर के गणेश उद्यान में सफाई अभियान चलाया गया। भिलाई शहर के सभी जोन क्षेत्र में उद्यानों का निर्माण किया गया है। जहां पर आस-पास के वरिष्ठ नागरिकगण, बच्चे आदि खेलने, टहलने एवं व्यायाम करने आते रहते है। उद्यान साफ-सुथरा एवं हरा भरा रहने से पर्यावरण भी सुन्दर रहता है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का सख्त निर्देश है, कि सभी उद्यानों में कैलेंडर बनाकर के सफाई अभियान चलाया जाए। नगर निगम भिलाई के उद्यान साफ सुथरे हो, हरे-भरे हो, उसमें बराबर पानी मिले, खाद मिले जिससे हरियाली बनी रहे। इसके साथ ही नागरिकों से भी अपील है कि किसी प्रकार की गंदगी ना फैलाएं, पेड़ पौधों को ना तोड़े, उसे साफ सुथरा रखें। गार्डन को साफ सुथरा रखना सब की जिम्मेदारी है नगर निगम भिलाई के सीमित संसाधन है सभी उद्यानों में एक साथ सफाई नहीं की जा सकती है इसलिए सब लोग मिलकर सहयोग करेंगे, हमारे उद्यान हरे भरे रहेंगे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# दिल्ली एवं रायपुर की टीम आई फूलों के बाजार का निरीक्षण करने

नगर निगम भिलाई के द्वारा चलाए जा रहे शासन के पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत सुपेला दक्षिण गंगोत्री में फूलों का बाजार को व्यवस्थित ढंग से स्थापित किया गया है। जिसके अंतर्गत बागवानी के पौधे बेचने वाले व्यापारियों का समूह शासन की योजनाओं का लाभ लेकर के अपना रोजगार कर रहा है। शहर में चर्चा का विषय है किसी को भी जब अपने बागवानी के लिए, फूलों के पौधे, फलदार पौधे, पूजा करने वाले पौधे, गमले खाद, दवाई इत्यादि लेना रहता है। दक्षिण गंगोत्री में स्थापित फूलों को बाजार में आते हैं। वहां उन्हें उचित दर पर सब सामग्री मिल जाती है। इस दुकान की स्थापना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से किया गया है। वहां पर उन्हें सेड बना कर दिया गया, लोन दिया गया, पानी, लाइट की सुविधा दी गई। व्यवस्थित बाजार बना कर दिया गया है। इसी का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली भारत सरकार से इंदु प्रकाश एवं राज्य सरकार रायपुर से दल आया हुआ था। उन्होंने व्यापारियों से बात किया। निगम भिलाई द्वारा प्रदान की जाएगी सुविधाओं की जानकरी ली गई। उन्हें बड़ी खुशी हुई कि भलाई के पौधा बेचने वाले व्यापारियों द्वारा उन्हें पौधों के बारे में, पौधे में किस बीमारी पर कौन सा दवाई डाला जाए, क्या उपयोगी होगा, किस मौसम में कौन सा पौधा लगाना चाहिए इत्यादि की बहुत अच्छी जानकारी है। अपने ग्राहकों को बड़ी बारीकी से जानकारी देते हैं दी। उनको यह भी बताया की नगर निगम भिलाई के यस यल आर ऐम सेंटर के द्वारा बनाई गई जैविक खाद बहुत उपयोगी है। जिसको वह लोगों को बेच रहे हैं। उसे उनको आय हो रहा है, उनका परिवार अच्छी तरह से चल रहा है। इस संबंध में नगर निगम भिलाई को राज्य शासन द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। दिल्ली से आए हुए दल के प्रतिनिधि संतुष्ट होकर के गए। भिलाई से इस कर की जिम्मेदारी संभाल रही मिशन मैनेजर नालनी तनेजा, एकता शर्मा, अमन पटले की तारीफ किया। फूलों के मार्केट का एक अच्छा सा नाम देने का भी सुझाव दिए।



# निगम भिलाई के प्रत्येक जोन में सोमवार को राशन कार्ड वितरण शिविर

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय अंतर्गत 172 राशन दुकान (कापरेटिव) संचालित हो रहे है। जहां भिलाई क्षेत्र के नागरिक अपना राशन कार्ड ले जाकर राशन प्राप्त करते है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सभी कोऑपरेटिव राशन दुकान संचलितों की मीटिंग ली गई है उनसे जानकारी प्राप्त किये, नवीन राशन कार्ड बन जाने के बाद वितरण क्यों नहीं हो रहा है। तो उनके द्वारा बताया गया हितग्राही अपना राशन किसी अन्य दुकान से भी ले ले रहे हैं। वह अपने पुराने कोऑपरेटिव पर नहीं आ रहे हैं चर्चा के दौरान सहमति बनी कि अब प्रत्येक सोमवार को सभी जोन कार्यालय अंतर्गत पीडीएफ नवीन राशन कार्ड वितरण के लिए शिविर लगाया जा रहा है। नागरिक सुबह 11 बजे से साम 4 बजे तक शिविर स्थल पर राशन कार्ड  राशन कार्ड प्राप्त कर सकते है। वहां पर कोऑपरेटिव दुकान संचालित करने वाले दुकानदार बैठेंगे साथ में निगम के भी कर्मचारी बैठेगे उनके द्वारा राशन कार्ड वितरित किया जाएगा। आयुक्त ने कोऑपरेटिव संचालकों से यह भी अनुरोध किया कि नागरिकों का सीधे जुड़ाव कोऑपरेटिव संचालकों से रहता है। स्वच्छ भारत अभियान में लोगों को समझाएं कि घर से गीला कचरा एवं सूखा कचरा अलग.अलग डस्टबिन में स्वच्छता मित्रों को देवें। सभी अपने दुकान पर प्रचार सामग्री भी रखें, उन्हे प्रदान की गई।






# वर्ल्ड मेडिटेशन दे के अवसर पर विधायक ने बच्चों के साथ किया ध्यान

भिलाई-हमारे भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया है। पूरी दुनिया आज ध्यान की अनुभूति कर रही है। ध्यान हमारे ऋषि मुनियों की देन है आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर का कहना है कि जिस प्रकार से साबुन के इस्तेमाल करने से शरीर स्वच्छ हो जाता है। इस प्रकार से जीवन में ध्यान करने से शरीर का अंदर का भाग स्वच्छ एवं प्रसन्न हो जाता है। बुद्धि कुशाग्र होती है। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है ध्यान से सब कुछ पाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन सप्ताह भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वैशाली नगर कन्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, नगर निगम भिलाई के संयुक्त प्रयास से प्राणायाम, ध्यान का आयोजन किया गया। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षिका भक्ति कोटेचा ने श्री श्री रविशंकर जी द्वारा सिखाए गए ज्ञान के महत्व के बारे में बताया।

इसको सुनकर के वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, ने कहा कि हम भी बच्चों के साथ बैठकर के ध्यान करेंगे। सभी लोगों ने मिलकर के ध्यान किया।

इसमें प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के, स्कूल प्राचार्या संगीता बघेल आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षिका मीनाक्षी सिंह, दिनेश कोटेचा, स्थानी निवासी पिंकी परिहार, वैशाली, वर्षा उपासने, ममता सौदागर, अंजलि जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे। जनसंपर्क विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई।





नगर पालिक निगम भिलाई

# सुशासन सप्ताह पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई

भिलाई-सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में वैशाली नगर कन्यशाला के छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं क्या-क्या चल रही है। इस पर परिचर्चा छात्रों के बीच में की गई। क्या-क्या लाभ मिल रहा है कक्षा 11वीं की छात्रा रेशमा जय श्री ने बताया आज महतारी बंधन का पैसा मेरे घर में आने से हम लोगों को बहुत बड़ी सहायता हो जाती है ।मेरे घर में दो लोगों को मिलता है राशन कोऑपरेटिव से मिल जाता इस पैसे से मेरा पढ़ाई लिखाई और जरूरी चीज मेरी मां पूरा कर देती है। यह हमारे लिए बहुत ही उपयोगी है। पहले बहुत परेशानी होती थी। पलक ने बताया प्रधानमंत्री आवास से मकान बन जाने के बाद मेरे चाचा लोग अच्छे से निवास कर रहे हैं। पहले एक घर में रहते थे तो आपस में परेशानी होती थी। आज सबको मकान मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से इलाज हो रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना से रोजगार मिल रहा है। किसी भी प्रकार का सर्टिफिकेट बनवाना है तो मोर संगवारी को कॉल कर दो आकर के हमें सर्टिफिकेट बना कर दे देता है। हमारे चाचा के लड़की का जन्म प्रमाण पत्र घर बैठे बैठे बन गया। यह सब सुविधा हमें सुशासन के द्वारा ही मिल रहा है। हम लोग बहुत आभारी हैं माननीय मुख्यमंत्री जी का। कन्या शाला की प्राचार्या संगीता बघेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया आज आवश्यकता अनुसार हर चीज शासन द्वारा प्रदान की जा रही हैं। राशन, मकान, घर रोजगार, बच्चों को पढ़ने के लिए सुविधा, साफ सफाई, आदि पर प्रशासन पूरा ध्यान दे रहा है। हम लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए दूसरों को भी प्रेरित करना है। बच्चों द्वारा महतारी बंधन योजना, छत्तीसगढ़ महतारी, भोरमदेव मंदिर, सोलर ऊर्जा के स्रोत पर रंगोली बनाकर अपने विचारों को व्यक्त किया गया। जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने बच्चों से आवाहन किया कि 70 प्लस के सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसका शिविर स्कूल में लगवाएंगे बच्चे अपने घर से अपने दादा-दादी बुजुर्गों को लाकर के यहां पर आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे। बच्चे एवं शिक्षिकाएं अपने घरों से 70 प्लस वरिष्ठों को लाकर के आयुष्मान कार्ड बनवा सकती हैं। इस पर सब लोग सहमति व्यक्त किये। जनसंपर्क विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई।



# वर्ल्ड मेडिटेशन दे के अवसर पर विधायक ने बच्चों के साथ किया ध्यान

भिलाई-हमारे भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया है। पूरी दुनिया आज ध्यान की अनुभूति कर रही है। ध्यान हमारे ऋषि मुनियों की देन है आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर का कहना है कि जिस प्रकार से साबुन के इस्तेमाल करने से शरीर स्वच्छ हो जाता है। इस प्रकार से जीवन में ध्यान करने से शरीर का अंदर का भाग स्वच्छ एवं प्रसन्न हो जाता है। बुद्धि कुशाग्र होती है। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है ध्यान से सब कुछ पाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन सप्ताह भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वैशाली नगर कन्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, नगर निगम भिलाई के संयुक्त प्रयास से प्राणायाम, ध्यान का आयोजन किया गया। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षिका भक्ति कोटेचा ने श्री श्री रविशंकर जी द्वारा सिखाए गए ज्ञान के महत्व के बारे में बताया।

इसको सुनकर के वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, ने कहा कि हम भी बच्चों के साथ बैठकर के ध्यान करेंगे। सभी लोगों ने मिलकर के ध्यान किया।

इसमें प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के, स्कूल प्राचार्या संगीता बघेल आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षिका मीनाक्षी सिंह, दिनेश कोटेचा, स्थानी निवासी पिंकी परिहार, वैशाली, वर्षा उपासने, ममता सौदागर, अंजलि जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे। जनसंपर्क विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई।





नगर पालिक निगम भिलाई

# चाइनीज मांझा विक्रय एवं खरीदने वालो को 5 साल की जेल एवं 1 लाख का जुर्माना हो सकता है

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ शासन के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम भिलाई के क्षेत्र में गठित दल द्वारा लगातार चाइनीज मांझा खरीदी एवं ब्रिकी करने वालो पर कार्यवाही कर रही है। चाइनीज मांझा के उपयोग से स्वयं, राहगीर, पक्षी आदि दुर्घटना के शिकार हो जाते है। कभी भी पतंग के धागे से घटनाएं होने की पूरी संभावना बनी रहती है।
नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि जो भी दुकानदार चाइनीज मांझा का बिक्री करते या कोई नागरिक इसे खरीदते दिखे तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें एवं उनसे अर्थदण्ड की वसूली की जाए। संबंधित के पास से चाइनीज मांझा पाये जाने पर उसे तत्काल जप्त की जावे। साथ ही उन्हे समझाइस दी जाए की आपके द्वारा शासन के आदेशो का उल्लंघन करने पर 5 साल की जेल के साथ 1 लाख रूपये तक का जुर्माना या फिर दोना सजा हो सकती है। छत्तीसगढ़ के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने चीनी धागों की खरीदी और ब्रिकी को मददेनजर रखते हुए अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर इसे दण्डनीय अपराध करार दिया है। जोन क्रमांक-4 क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित मांझा बेचने पर 900 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई एवं मांझा धागा जप्त किया गया। समझाइस दिया गया कि नायलोन एवं चाइनीज मांझा/धागा पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके साथ की इण्ड्रस्टिज यूज धागा का उपयोग भी न करे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम भिलाई के 5 अधिकारी/कर्मचारियों को दी गई बिदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 2 अधिकारी एवं 3 कर्मचारियों को ससम्मान बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में मंगलवार को निगम प्रशासन की ओर से अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए बी.के.वर्मा ने कहा हम सब पूर्व साडा के समय से विभिन्न विभागो में कार्य करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किए। हम सबको गर्व है अपनी क्षमता के अनुसार कार्य किए। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री सतीश कुमार वर्मा, जोन क्रमांक-3 से कार्यपालन अभियंता श्री बी.के. वर्मा, हेल्पर/क्लीनर श्री अनिल देशमुख, जोन क्रमांक-2 से पम्प सहायक श्री पूषण लाल देशमुख एवं वाहन चालक श्री झग्गर राम यादव को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियो से कहा कि हमारा पूरा प्रयास है, कि आप लोगो को देय राशि समय पर मिल जाए। हम सब प्रयास कर रहे है। किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी हमसे बेजिझक आकर मिल सकते और अपनी समस्या बता सकते है। अंत में सभी कर्मचारियो को निगम के सभागार में 31 दिसम्बर 2024 को बिदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आने वाले नववर्ष 2025 की शुभकानाएं दी गई।




**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री अजय कुमार शुक्ला**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**